**Time-15min**
**Paper-Maker Monika Awasthi**

**Directions (1-5): नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में, एक प्रश्न और तीन कथन क्रमांक I, II और III दिए गए हैं। आपको यह निर्धारित करना है कि कथन में दिए गए आंकड़े प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं या नहीं। तीन कथनों का अध्ययन कीजिये और प्रश्नों के उत्तर दीजिये।**

(a) यदि कथन I और II में दिए गए आंकडे मिलाकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं, जबकि कथन III में दिए गए आंकडे प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक नहीं है।
(b) यदि कथन I और III में दिए गए आंकडे मिलाकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं, जबकि कथन II में दिए गए आंकडे प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक नहीं है।
(c) यदि कथन II और III में दिए गए आंकडे मिलाकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं, जबकि कथन I में दिए गए आंकडे प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक नहीं है।
(d) यदि सभी कथनों I, II और III में दिए गए आंकडे मिलाकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक हैं।
(e) यदि सभी कथनों I, II और III में दिए गए आंकडे मिलाकर भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

Q1. **एक परिवार में सात सदस्य अर्थात् A, B, C, M, K, T और L हैं, ज्ञात कीजिये कि K, T का पटेर्नल अंकल है।**

**I. M, K का भाई है और L से विवाहित है, L जो A की माँ है। A, T की बहन है।**
**II. B, A का भाई है। C, K का इकलौता पुत्र है।**
**III. B, K का इकलौता पुत्र है, K जो L का ब्रदर-इन-लॉ है। C, B की बहन है।**

L1Difficulty 2

QTags DATA sufficiency Reasoning

Q2. **M, N, P, Q, R और S में से सबसे भारी कौन है?**

I. P, उनमें से केवल दो से भारी है। S, R और Q से भारी है।
II. R, Q और N दोनों से हल्का है, लेकिन N, P से भारी है लेकिन S और M दोनों से हल्का है।
III. S, M से हल्का है।

L1Difficulty 2

QTags DATA sufficiency Reasoning

Q3. **एक पंक्ति में छ: व्यक्ति A, B, C, D, E और F उत्तर दिशा की ओर उन्मुख होकर बैठे हैं। निम्नलिखित में से कौन C के दाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है?**

I. C, पंक्ति के बाएं छोर पर बैठे व्यक्ति के दाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। A किसी भी अंतिम छोर पर नहीं बैठा है।
II. A, B के ठीक बाएं बैठा है, B जो C के दाएं से चौथे स्थान पर बैठा है।
III. D, E के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। D किसी एक छोर पर बैठा है।

L1Difficulty 2

QTags DATA sufficiency Reasoning

Q4. **M के कितने पुत्र हैं?**

I. N, G का भाई है। A, N की बहन है। K, B की माँ है।
II. G, B का भाई है, B जो K का पुत्र है।
III. M, K से विवाहित है।

L1Difficulty 2

QTags DATA sufficiency Reasoning

Q5. **दी गई कूटभाषा में 'lz' कूट किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?**

I. कूटभाषा में, 'Sun water roof' को 'am nl or' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'food room plate' को 'st od wa' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है।
II. कूटभाषा में, 'stem plant leave' को 'er az op' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'food plate water' को 'od st nl' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है।
III. कूटभाषा में, 'flower air Sun' को 'pa am lz' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'food plant leave' को 'az od er' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है।

L1Difficulty 2

QTags DATA sufficiency Reasoning

**Direction (6-10): निम्नलिखित सूचना का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

एक स्कूल के शीर्ष दस विद्यार्थी A, B, C, D, E, F, G, H, I और J, पुरुस्कार वितरण समारोह के लिए एक पंक्ति में उत्तर की ओर उन्मुख होकर बैठे हैं। उन सभी को परीक्षा में उनके प्रदर्शन के आधार पर पहली, दूसरी,तीसरी और इसी प्रकार दस तक रैंक प्राप्त हुई है, लेकिन आवश्यक नहीं कि समान क्रम

में हों। J, अंतिम दायें छोर पर बैठा है और उसे दूसरी और चौथी रैंक प्राप्त नहीं हुई है। C, G के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है, G जो D के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है। D के निकटतम पड़ोसी को दूसरी रैंक प्राप्त हुई है। B, A के दायें से दूसरे स्थान पर बैठा है, A जिसे पांचवीं रैंक प्राप्त हुई है। C और F दोनों, एक–दूसरे के निकटतम पड़ोसी हैं, लेकिन उनमें से कोई अंतिम छोर पर नहीं बैठा है। पहली रैंक प्राप्त करने वाला विद्यार्थी, पांचवीं और सातवीं रैंक प्राप्त करने वाले वाले विद्यार्थियों के मध्य बैठा है। B, D का निकटतम पड़ोसी नहीं है। E, F के दायें से चौथे स्थान पर बैठा है। H को तीसरी रैंक प्राप्त हुई है और वह C का निकटतम पड़ोसी नहीं है। आठवीं रैंक प्राप्त करने वाला विद्यार्थी, अंतिम बाएं छोर पर बैठा है। F को न तो पहली और न ही छठी रैंक प्राप्त हुई है। नौवीं रैंक प्राप्त करने वाला विद्यार्थी, छठी रैंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी के दायें से दूसरे स्थान पर बैठा है। C को अंतिम रैंक प्राप्त हुई है।

Q6. **निम्न में से कौन पंक्ति के अंतिम छोर पर बैठा है?**

(a) C, F

(b) D, I

(c) A, G

(d) I, J

(e) इनमें से कोई नहीं

L1Difficulty 2

QTags Linear seating arrangement

Q7. **F और D के मध्य कितने विधार्थी बैठे हैं?**

(a) एक
(b) दो
(c) तीन
(d) चार
(e) कोई नहीं
L1Difficulty 2

QTags Linear seating arrangement

Q8. **B के सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा सत्य है?**

(a) B, C के दायें से दूसरे स्थान पर बैठा है
(b) B, E का निकटतम पड़ोसी नहीं है
(c) B, A के दायें से तीसरे स्थान पर बैठा है

(d) B, पंक्ति के किसी अंतिम छोर पर बैठा है
(e) B की रैंक सातवीं है
L1Difficulty 2

QTags Linear seating arrangement

Q9. **जिस प्रकार C ,A से सम्बंधित है, उसी प्रकार D ,J से सम्बंधित है। समान पैटर्न का अनुसरण करते हुए निम्नलिखित में से कौन G से सम्बंधित है?**

(a) D
(b) E
(c) I
(d) F
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 2

QTags Linear seating arrangement

Q10. **निम्न में से J की रैंक क्या है?**

(a) तीसरी
(b) चौथी
(c) छठी
(d) सातवीं
(e) नौवीं
L1Difficulty 2

QTags Linear seating arrangement

**Direction (11-12): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

राम, श्याम से 5 मी पूर्व की दूरी पर खड़ा है। दोनों 5 मी उत्तर दिशा की ओर चलना आरम्भ करते हैं, फिर राम तीन बार क्रमानुगत बाएं ओर मुड़ता है और क्रमशः 5 मी, 3मी, 2मी चलता है तथा श्याम तीन बार क्रमानुगत दायें ओर मुड़ता है और क्रमशः 5मी,3मी,2मी चलता है।

Q11. **श्याम के अंतिम बिंदु के संदर्भ में, राम का अंतिम बिंदु किस दिशा में और कितनी दूरी पर है?**

(a) पश्चिम, 2मी
(b) पूर्व, 1मी

(c) पश्चिम,1मी
(d) पूर्व, 5मी
(e) इनमें से कोई नहीं

L1Difficulty 2

QTags Reasoning

Q12. **श्याम के आरंभिक बिंदु के संदर्भ में, राम के अंतिम बिंदु की न्यूनतम दूरी और दिशा क्या है?**

(a) उत्तर पश्चिम, 3मी
(b) उत्तर पूर्व, 2√2मी
(c) दक्षिण पश्चिम, 2√2मी
(d) उत्तर पश्चिम, 2√2मी
(e) इनमें से कोई नहीं

L1Difficulty 2

QTags Reasoning

**Directions (13-14): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

एक व्यक्ति उत्तर दिशा की ओर चलना आरम्भ करता है। 5किमी चलने के बाद वह बिंदु X पर पहुँचता है। यहाँ से वह दाएं ओर मुड़ता है और 3किमी चलता है फिर वह दोबारा से दाएं ओर मुड़ता है और 2 किमी चलता है तथा बिंदु Y पर पहुँचता है। यहाँ से वह बाएं ओर मुड़ता है तथा 2 किमी चलता है। इसके बाद वह बाएं ओर मुड़ता है तथा 3 किमी चलता है और बिंदु Z पर पहुँचता है।

Q13. **व्यक्ति के द्वारा लिए गए पहले मोड़ से बिंदु Z के मध्य न्यूनतम दूरी तथा दिशा ज्ञात कीजिए।**

(a) √23किमी, उत्तर पूर्व
(b) √11किमी, दक्षिण पश्चिम
(c) √21किमी, उत्तर−पश्चिम
(d) √26किमी, उत्तर−पूर्व
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 2

QTags Reasoning

Q14. **यदि बिंदु Q, बिंदु Y से 5 किमी पूर्व में है. तो X के संदर्भ में, Q की दिशा ज्ञात कीजिए।**

(a) उत्तर–पूर्व
(b) दक्षिण–पूर्व
(c) उत्तर–पश्चिम
(d) दक्षिण
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 2

QTags Reasoning

Q15. **कथन:** भारत द्वारा हाल ही में Google द्वारा अपनी सड़क दृश्य सेवा शुरू करने से इनकार करना थोडा सा आश्चर्यजनक है, जो उपयोगकर्ताओं को भारतीय पब्लिक स्पेस के लिए 360 डिग्री दृश्य प्रदान करता है. रक्षा मंत्री की आपत्तियों के बाद प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया.

**निम्नलिखित में से कौन सी आपत्ति/आपत्तियां सरकार द्वारा उठाए गए उपरोक्त कदम के लिए एक संभावित कारण नहीं हो सकता है?**


(a) कहा जाता है कि यह फैसला पठानकोट एयरबेस पर हुए आतंकी हमले की पृष्ठभूमि में आया है, जिसमें जांचकर्ताओं को संदेह है कि आतंकवादियों ने लक्षित क्षेत्रों की स्थलाकृति का अध्ययन करने के लिए Google मानचित्रों का उपयोग किया था.
(b) रक्षा संगठनों की चिंताओं को ध्यान में रखा जाना चाहिए.
(c) भारत की सुरक्षा और स्थिरता को प्रमुख महत्व दिया जाना चाहिए.
(d) हम भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने वाली ऐसी खोजपूर्ण चीजों की अनुमति देने के लिए पर्याप्त परिपक्व नहीं हैं। हमारे अंदर बाहर से ज्यादा दुश्मन हैं।
(e) उपरोक्त सभी.
L1Difficulty 2

QTags Reasoning

**Solutions (1-5):**

S1. Ans.(b)

Sol. Using statement I and III, we get our final relation.




S2. Ans.(d)

Sol. From statement I, II, III we get the following arrangement. M is the heaviest.

M > S > N > P > Q > R

S3. Ans.(c)


Sol. From II and III we get the final sitting arrangement in which F sits 2nd to the right of C.




S4. Ans.(c)

From statement II, and III, we get our final answer. M has two sons.

Sol.




S5. Ans.(e)

Sol. All the three statements are not sufficient to answer the question.

**Solutions (6-10):**




S6. Ans.(d)


S7.Ans.(d)

S8.Ans.(e)

S9.Ans.(b)

S10.Ans.(e)

**Solutions (11-12):**




**Dotted arrow shows distance travelled by Shyam**
**Sharp arrows shows the distance travelled by Ram**


S11.Ans(c)

S12. Ans(b)


**Solutions (13-14):**

S13. Ans. (d)

Sol. Required distance= $\sqrt{5^2 + 1^2}$ =$\sqrt{26}$ km




S14. Ans. (b)




**S15.** Ans.(d)

Sol. All the options may be the probable reasons except option (d) because the reason in that option is contradictory to the statement. We Indians are matured enough to permit such exploratory things threatening national security. So, this must not be a probable reason.

**Source:**

**(1-15) IBPS RRB 15th September(1-15)**